**Series ABCD5/5**

**SET No. 2**

प्रश्न पत्र कोड
Q.P. Code **67/5/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*
*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*

*सामान्य निर्देश:*

1. *इस प्रश्न–पत्र में कुल **12** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *यह प्रश्न–पत्र दो भागों में विभाजित है, **भाग–क** और **ख**।*
3. ***भाग–क** सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।*
4. ***भाग–ख** में दो विकल्प हैं अर्थात् (i) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (ii) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन। छात्रों को दिए गए विकल्पों में से **केवल एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*
5. *प्रश्न संख्या 1 से 3 और 10 लघु–उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं।*
6. *प्रश्न संख्या 4 से 6 और 11 लघु–उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं।*
7. *प्रश्न संख्या 7 से 9 और 12 दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के **5** अंक हैं।*
8. *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालांकि, **तीन** अंकों के 3 प्रश्नों और **पाँच** अंकों के 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है।*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों एवं कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** निम्न मदों को 'मीसो क्लब' के स्थिति विवरण में किस प्रकार दर्शाया जाएगा ? 2

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| 1 अप्रैल, 2020 को टूर्नामेंट कोष | 3,00,000 |
| वर्ष में टूर्नामेंट टिकटों की बिक्री | 75,000 |
| वर्ष में दिए गए टूर्नामेंट पुरस्कार | 60,000 |

**2.** निम्न आधार पर 'साझेदारी के विघटन' तथा 'साझेदारी फर्म के विघटन' में अन्तर दीजिए : 2

(i) न्यायालय का हस्तक्षेप

(ii) आर्थिक सम्बन्ध

***General Instructions :***

1. *This question paper contains **12** questions. **All** questions are compulsory.*
2. *This question paper is divided into two Parts, **Part-A** and **B**.*
3. ***Part-A** is compulsory for all candidates.*
4. ***Part-B** has two options i.e. (i) Analysis of Financial Statements and (ii) Computerised Accounting. Students must attempt **only one** of the given options.*
5. *Question nos. 1 to 3 and 10 are short-answer type-I questions carrying **2** marks each.*
6. *Question nos. 4 to 6 and 11 are short-answer type-II questions carrying **3** marks each.*
7. *Question nos. 7 to 9 and 12 are long-answer type questions carrying **5** marks each.*
8. *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 3 questions of **three** marks and 1 question of **five** marks.*

## PART A

**(Accounting for Not - for Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)**

**1.** How will the following items be presented in the Balance Sheet of 'Miso Club' ? 2

| Particulars | Amount (₹) |
|---|---|
| Tournament fund on 1st April, 2020 | 3,00,000 |
| Sale of Tournament Tickets during the year | 75,000 |
| Tournament prizes awarded during the year | 60,000 |

**2.** Distinguish between 'Dissolution of Partnership' and 'Dissolution of Partnership Firm' on the basis of : 2

(i) Court's intervention

(ii) Economic relationship

3. माही, ममता एवं मोनिका एक फर्म में साझेदार हैं तथा 4:3:2 के अनुपात में लाभों को बांटते हैं। मोनिका सेवानिवृत्त हो गई और संचयों के समायोजन एवं परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन एवं देयताओं के पुनर्निर्धारण के बाद उसकी पूंजी ₹ 95,000 थी। माही और ममता उसके दावे के पूर्ण निपटान में ₹ 1,09,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हुई। 2

ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन एवं मोनिका की सेवानिवृत्ति के बाद उसे भुगतान के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए।

4. राम, मोहन एवं सोहन एक फर्म में साझेदार हैं तथा 1:2:2 के अनुपात में लाभ–हानि बांटते हैं। फर्म प्रतिवर्ष अपनी पुस्तकें 31 मार्च को बंद करती है। 1 सितम्बर, 2021 को सोहन की मृत्यु हो गई। सोहन की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 था। साझेदारी संलेख के अनुसार मृत्यु के वर्ष के लाभों में मृतक साझेदार के भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभों के आधार पर की जाएगी। 31.03.2021 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ ₹ 3,00,000 था। 3

(i) सोहन की मृत्यु की तिथि तक लाभों में उसके भाग की गणना कीजिए।

(ii) सोहन की मृत्यु के समय ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन तथा लाभ में उसके भाग के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

5. (क) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कला क्लब के प्राप्ति एवं भुगतान खाते के अनुसार प्राप्त चन्दा ₹ 4,00,000 था। 3

अतिरिक्त सूचना :

| | ₹ |
|---|---|
| 1.4.2020 को अदत्त चन्दा | 1,00,000 |
| 31.3.2021 को अदत्त चन्दा | 70,000 |
| 1.4.2020 को अग्रिम प्राप्त चन्दा | 50,000 |
| 31.3.2021 को अग्रिम प्राप्त चन्दा | 80,000 |

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते में चन्दे से प्राप्त आय के रूप में दर्शाई जाने वाली चन्दे की राशि की गणना कीजिए।

3. Mahi, Mamta and Monika are partners in a firm, sharing profits in the ratio of 4:3:2. Monika retired and her capital after making adjustments for reserves and revaluation of assets and reassessment of liabilities was ₹ 95,000. Mahi and Mamta agreed to pay ₹ 1,09,000 in full settlement of her claim. 2

Pass necessary journal entries for treatment of goodwill without opening goodwill account and making payment to Monika on her retirement.

4. Ram, Mohan and Sohan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1:2:2. The firm closes its books on 31st March every year. Sohan died on 1st September, 2021. On Sohan's death, the goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000. The partnership deed provided that the share of profit of the deceased partner in the year of his death will be calculated on the basis of last year's profit. The profit for the year ended 31.3.2021 was ₹ 3,00,000. 3

(i) Calculate Sohan's share in the profits till the date of his death.

(ii) Pass necessary journal entries for the treatment of goodwill without opening goodwill account and Sohan's share of profit at the time of his death.

5. (a) As per Receipts and Payments Account of Kala Club for the year ended 31st March, 2021, subscriptions received were ₹ 4,00,000. 3

Additional Information :

| | ₹ |
|---|---|
| Subscriptions outstanding on 1.4.2020 | 1,00,000 |
| Subscriptions outstanding on 31.3.2021 | 70,000 |
| Subscriptions received in advance on 1.4.2020 | 50,000 |
| Subscriptions received in advance on 31.3.2021 | 80,000 |

Calculate the amount of subscriptions to be shown in Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2021 as income from subscription.

**अथवा**

(ख) निम्न सूचना से 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं भुगतान खाते में दर्शाई जाने वाली स्टेशनरी की राशि की गणना कीजिए : 3

| विवरण | 1 अप्रैल, 2020 (₹) | 31 मार्च, 2021 (₹) |
|---|---|---|
| स्टेशनरी के लेनदार | 5,600 | 12,800 |
| स्टेशनरी का स्टॉक | 25,000 | 35,000 |

31 मार्च, 2021 को स्टेशनरी के लेनदारों को ₹ 62,800 का भुगतान किया गया। वर्ष में ₹ 2,00,000 स्टेशनरी का क्रय किया गया।

6. (क) राधे लिमिटेड ने कृष्णा लिमिटेड की ₹ 14,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 6,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण किया। राधे लिमिटेड ने क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 8%, 10,000 ऋण-पत्रों को 10% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया। 3

राधे लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**अथवा**

(ख) अमय लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 8% ऋण-पत्रों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था : 3

₹ 30 आवेदन पर तथा ₹ 70 आवंटन पर। जनता ने 12,000 ऋण-पत्रों के लिए आवेदन किए। 8,000 ऋण-पत्रों के लिए आवेदनों को पूर्णतः स्वीकृत कर लिया गया; 3,000 ऋण-पत्रों के आवेदनों को 2,000 ऋण-पत्रों का आवंटन किया गया तथा शेष आवेदनों को रद्द कर दिया गया। सारी धनराशि प्राप्त हो गई।

कम्पनी की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**OR**

(b) From the following information, calculate the amount of stationery to be shown in Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2021 : 3

| **Particulars** | **1st April, 2020 (₹)** | **31st March, 2021 (₹)** |
|---|---|---|
| Creditors for Stationery | 5,600 | 12,800 |
| Stock of Stationery | 25,000 | 35,000 |

During the year ended 31st March, 2021 payment made to Creditors amounted to ₹ 62,800. Stationery purchased during the year was ₹ 2,00,000.

**6.** (a) Radhey Ltd. took over assets of ₹ 14,00,000 and liabilities of ₹ 6,00,000 of Krishna Ltd. Radhey Ltd. paid the purchase consideration by issuing 10,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. 3

Pass necessary journal entries in the books of Radhey Ltd.

**OR**

(b) Amay Ltd. invited applications for issuing 10,000, 8% debentures of ₹ 100 each. The amount was payable as follows : 3

₹ 30 on application and ₹ 70 on allotment. The public applied for 12,000 debentures. Applications for 8,000 debentures were accepted in full; applications for 3,000 debentures were allotted 2,000 debentures and the remaining applications were rejected. All money was duly received.

Pass the necessary journal entries in the books of the company for the above transactions.

**7.** ऋण–पत्रों के निर्गमन से संबंधित निम्न लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : 5

(क) ₹ 100 प्रत्येक के 8,000 10% ऋण–पत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर करना है।

(ख) ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 12% ऋण–पत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन 6% प्रीमियम पर करना है।

(ग) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 1,00,000 9% ऋण–पत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर करना है।

(घ) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 5,00,000 9% ऋण–पत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर करना है।

(ङ) ₹ 100 प्रत्येक के 6,000, 9% ऋण–पत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया जिनका शोधन सममूल्य पर करना है।

**7.** Pass journal entries relating to issue of debentures for the following transactions : 5

(a) Issued 8,000, 10% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at 5% premium.

(b) Issued 4,000, 12% debentures of ₹ 100 each at 10% premium, redeemable at 6% premium.

(c) Issued ₹ 1,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each at par redeemable at par.

(d) Issued ₹ 5,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 10% premium redeemable at par.

(e) Issued 6,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at par.

**8.** 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इंडियन यूथ क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्न प्रकार से है : 5

**31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए**

**इंडियन यूथ क्लब का 'प्राप्ति एवं भुगतान खाता'**

| **प्राप्तियाँ** | **राशि (₹)** | **भुगतान** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| शेष नीचे लाए : | | वेतन | 3,60,000 |
| नकद 25,000 | | प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी | 19,000 |
| बैंक 2,85,000 | 3,10,000 | प्रिण्टर | 40,000 |
| चन्दा | 4,00,000 | निवेश | 80,000 |
| (31.3.2022 को समाप्त हुए | | शेष नीचे ले गए : | |
| ₹ 40,000 सम्मिलित) | | नकद 12,000 | |
| निवेश पर ब्याज | 1,000 | बैंक 2,00,000 | 2,12,000 |
| | **7,11,000** | | **7,11,000** |

अतिरिक्त सूचना :

(i) निवेश 1 अक्टूबर, 2020 को 5% वार्षिक दर पर किए गए।

(ii) मार्च, 2021 का वेतन ₹ 5,000 अदत्त है।

(iii) स्टेशनरी के लिए ₹ 3,000 देय है।

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए क्लब का आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए।

**8.** Following is the Receipts and Payments Account of Indian Youth Club for the year ended 31st March, 2021 : 5

**'Receipts and Payments Account' of Indian Youth Club**
**for the year ended 31st March, 2021**

| Receipts | | Amount (₹) | Payments | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| To Balance b/d : | | | By Salaries | | 3,60,000 |
| Cash | 25,000 | | By Printing & Stationery | | 19,000 |
| Bank | 2,85,000 | 3,10,000 | By Printer | | 40,000 |
| To Subscriptions | | 4,00,000 | By Investments | | 80,000 |
| (including ₹ 40,000 | | | By Balance c/d : | | |
| for year ending 31.3.2022) | | | Cash | 12,000 | |
| To Interest on investments | | 1,000 | Bank | 2,00,000 | 2,12,000 |
| | | **7,11,000** | | | **7,11,000** |

Additional Information :

(i) Investments were made on 1st October, 2020 @ 5% p.a.

(ii) Salaries for March, 2021 ₹ 5,000 are unpaid.

(iii) ₹ 3,000 are payable for stationery.

Prepare Income and Expenditure Account of the Club for the year ended 31st March, 2021.

**9.** (क) विभिन्न परिसम्पत्तियों (नकद एवं बैंक शेष को छोड़कर) तथा देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् 31 मार्च, 2021 को सोनू तथा मोनू की फर्म के विघटन के समय निम्न लेनदेनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। वे 2:1 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते थे। 5

(i) सोनू फर्म की ख्याति (जिसका लेखा फर्म की पुस्तकों में नहीं किया गया था) को ₹ 40,000 के मूल्यांकन पर लेने के लिए सहमत हुआ।

(ii) 30 अप्रैल, 2021 को देय ₹ 30,000 के देय बिलों का भुगतान ₹ 29,550 में किया गया।

(iii) ₹ 8,00,000 का स्टॉक साझेदार सोनू ने 10% के बट्टे पर ले लिया।

(iv) ₹ 2,00,000 के लेनदारों ने ₹ 2,20,000 मूल्यांकन की गई मशीनरी को अपने दावे के पूर्ण निपटान हेतु स्वीकार कर लिया।

(v) वसूली व्यय ₹ 10,000 का भुगतान साझेदार सोनू द्वारा किया गया।

**अथवा**

(ख) अनु, भानु तथा चारु एक फर्म के साझेदार थे तथा 2:2:1 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31 मार्च, 2021 को अनु ने फर्म से अवकाश ग्रहण करने का निर्णय किया। उस तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : 5

**9.** (a) Give the necessary journal entries for the following transactions on dissolution of the firm of Sonu and Monu on 31st March, 2021, after transfer of various assets (other than cash and bank balance) and the third party liabilities to Realisation Account. They shared profits and losses in the ratio of 2:1. 5

(i) Sonu agreed to take over the firm's goodwill (not recorded in the books of the firm) at a valuation of ₹ 40,000.

(ii) Bills payable of ₹ 30,000 falling due on 30th April, 2021 were discharged at ₹ 29,550.

(iii) Stock worth ₹ 8,00,000 was taken over by partner, Sonu at 10% discount.

(iv) Creditors of ₹ 2,00,000; accepted machinery valued at ₹ 2,20,000 in full settlement of their claim.

(v) Expenses of realisation ₹ 10,000 were paid by partner, Sonu.

**OR**

(b) Anu, Bhanu and Charu were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2:2:1. Anu decided to retire from the firm on 31st March, 2021. The balance sheet of the firm on that date was as follows : 5

**31 मार्च, 2021 को अनु, भानु तथा चारु का स्थिति विवरण :**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 24,000 | बैंक | | 10,000 |
| लाभ–हानि खाता | | 5,000 | देनदार | 20,000 | |
| | | | घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | – 400 | 19,600 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 27,000 |
| अनु | 31,000 | | निवेश | | 10,000 |
| भानु | 30,000 | | एकस्व | | 2,400 |
| चारु | 22,000 | 83,000 | परिसर | | 43,000 |
| | | **1,12,000** | | | **1,12,000** |

अनु के अवकाश ग्रहण करने पर निम्न शर्तों पर सहमति हुई :

(i) अनु ने ख्याति प्रीमियम के अपने भाग को ₹ 6,000 में भानु को तथा ₹ 3,000 में चारु को बेच दिया।

(ii) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को लेनदारों के 5% तक बढ़ाया जाना था।

(iii) एकस्व को मूल्यहीन माना गया।

(iv) अनु को ₹ 9,600 का भुगतान एक चैक द्वारा किया गया तथा शेष को उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कर दिया गया।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा अनु के अवकाश ग्रहण करने पर उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए।

**Balance Sheet of Anu, Bhanu and Charu as on 31st March, 2021 :**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 24,000 | Bank | 10,000 |
| Profit & Loss A/c | 5,000 | Debtors 20,000 | |
| | | Less Provision – 400 for Doubtful Debts | 19,600 |
| Capitals : | | Stock | 27,000 |
| Anu 31,000 | | Investments | 10,000 |
| Bhanu 30,000 | | Patents | 2,400 |
| Charu 22,000 | 83,000 | Premises | 43,000 |
| | **1,12,000** | | **1,12,000** |

On retirement of Anu, following terms were agreed upon :

(i) Anu sold her share of premium for goodwill to Bhanu for ₹ 6,000 and to Charu for ₹ 3,000.

(ii) Provision for doubtful debts was to be raised to 5% on debtors.

(iii) Patents were considered as valueless.

(iv) Anu was paid ₹ 9,600 through a cheque and balance was transferred to her loan A/c.

Prepare Revaluation Account and Anu's Capital Account on her retirement.

## भाग ख

## (विकल्प–I)

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**10.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय निम्नलिखित लेनदेनों का परिणाम रोकड़ का अन्तर्वाह, बहिर्वाह अथवा कोई प्रवाह नहीं होगा, उल्लेख कीजिए : 2

(i) ₹ 5,00,000 के बोनस अंशों का निर्गमन।

(ii) ऋण एवं अग्रिम से रोकड़ में प्राप्त ब्याज ₹ 80,000.

**11.** (क) निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए सामान्य आकार का आय विवरण तैयार कीजिए : 3

| **विवरण** | **2020-21 (₹)** | **2019-20 (₹)** |
|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | 10,00,000 | 5,00,000 |
| अन्य आय | 1,00,000 | 50,000 |
| व्यय | 2,00,000 | 1,00,000 |
| आय कर @ 40% | | |

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए तुलनात्मक लाभ–हानि विवरण तैयार कीजिए : 3

| **विवरण** | **2020-21 (₹)** | **2019-20 (₹)** |
|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | 75,00,000 | 60,00,000 |
| व्यय | 50,00,000 | 40,00,000 |
| आय कर @ 40% | | |

## PART B
## (Option-I)
## (Analysis of Financial Statements)

**10.** State whether the following transactions will result in inflow, outflow or no flow of cash while preparing cash flow statement : 2

(i) Issued bonus shares ₹ 5,00,000.

(ii) Interest received in cash from loans and advances ₹ 80,000.

**11.** (a) Prepare Common Size Income Statement for the year ended 31st March, 2021 from the following information : 3

| **Particulars** | **2020-21 (₹)** | **2019-20 (₹)** |
|---|---|---|
| Revenue from operations | 10,00,000 | 5,00,000 |
| Other Income | 1,00,000 | 50,000 |
| Expenses | 2,00,000 | 1,00,000 |
| Income Tax @ 40% | | |

**OR**

(b) Prepare Comparative Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2021 from the following information : 3

| **Particulars** | **2020-21 (₹)** | **2019-20 (₹)** |
|---|---|---|
| Revenue from operations | 75,00,000 | 60,00,000 |
| Expenses | 50,00,000 | 40,00,000 |
| Income Tax @ 40% | | |

**12.** अपने कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 31 मार्च, 2021 को कामना लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से 'निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' तथा 'वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए : 5

**कामना लिमिटेड**
**स्थिति विवरण**
**31 मार्च, 2021**

| **विवरण** | **नोट सं.** | **31 मार्च, 2021 (₹)** | **31 मार्च, 2020 (₹)** |
|---|---|---|---|
| I. समता एवं देयताएँ | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| (क) अंश पूँजी | | 12,00,000 | 11,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | 1 | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | | 2,40,000 | 1,70,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| व्यापारिक देय | | 2,20,000 | 2,81,000 |
| **कुल** | | **19,60,000** | **17,51,000** |
| II. परिसम्पत्तियाँ | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) स्थिर परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 2 | 10,70,000 | 8,50,000 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 3 | 40,000 | 1,12,000 |

**12.** Calculate 'Cash Flows from Investing Activities' and 'Cash Flows from Financing Activities' for the year ended 31st March, 2021 from the following Balance Sheet of Kamna Ltd. as at 31st March, 2021 showing your workings clearly : 5

**Kamna Ltd.**
**Balance Sheet**
**as at 31st March, 2021**

| Particulars | Note No. | 31st March, 2021 (₹) | 31st March, 2020 (₹) |
|---|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities | | | |
| 1. Shareholders' funds | | | |
| (a) Share Capital | | 12,00,000 | 11,00,000 |
| (b) Reserves and surplus | 1 | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | | |
| Long-term borrowings | | 2,40,000 | 1,70,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| Trade payables | | 2,20,000 | 2,81,000 |
| **Total** | | **19,60,000** | **17,51,000** |
| II. Assets | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| (a) Fixed Assets | | | |
| (i) Tangible Assets | 2 | 10,70,000 | 8,50,000 |
| (ii) Intangible Assets | 3 | 40,000 | 1,12,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) चालू निवेश | | 2,40,000 | 1,50,000 |
| (ख) माल सूची (स्टॉक) | | 1,20,000 | 1,21,000 |
| (ग) व्यापारिक प्राप्य | | 1,70,000 | 1,43,000 |
| (घ) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 3,20,000 | 3,75,000 |
| **कुल** | | **19,60,000** | **17,51,000** |

खातों के नोट्स :

| नोट सं. | विवरण | 31 मार्च, 2021 (₹) | 31 मार्च,2020 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | संचय एवं आधिक्य अर्थात् लाभ-हानि विवरण का शेष | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | मशीनरी | 12,70,000 | 10,00,000 |
| | एकत्रित मूल्यह्रास | (2,00,000) | (1,50,000) |
| | | **10,70,000** | **8,50,000** |
| 3. | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | ख्याति | 40,000 | 1,12,000 |

अतिरिक्त सूचना :

₹ 24,000 लागत की एक मशीनरी, जिस पर ₹ 16,000 एकत्रित मूल्यह्रास था, को ₹ 6,000 में बेचा गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. Current Assets | | | |
| (a) Current Investments | | 2,40,000 | 1,50,000 |
| (b) Inventories | | 1,20,000 | 1,21,000 |
| (c) Trade Receivables | | 1,70,000 | 1,43,000 |
| (d) Cash and Cash Equivalents | | 3,20,000 | 3,75,000 |
| **Total** | | **19,60,000** | **17,51,000** |

Notes to Accounts :

| Note No. | Particulars | 31st March, 2021 (₹) | 31st March, 2020 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | Reserve and Surplus<br>Surplus i.e. Balance in Statement of Profit & Loss | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | Tangible Assets : | | |
| | Machinery | 12,70,000 | 10,00,000 |
| | Accumulated Depreciation | (2,00,000) | (1,50,000) |
| | | **10,70,000** | **8,50,000** |
| 3. | Intangible Assets : | | |
| | Goodwill | 40,000 | 1,12,000 |

Additional Information :

A piece of Machinery costing ₹ 24,000 on which accumulated depreciation was ₹ 16,000, was sold for ₹ 6,000.

## भाग ख

## (विकल्प–II)

## (कम्प्यूटरीकृत लेखांकन)

**10.** 'सामान्यीकरण' एवं 'तर्कसंगत आंकड़ा–आधार' शब्दों का अर्थ समझाइए। 2

**11.** (क) 'पासवर्ड सिक्योरिटी' तथा 'डेटा वॉल्ट' शब्दों को समझाइए। 3

**अथवा**

(ख) पे–रोल के घटकों के रूप में 'मूलभूत वेतन', 'महंगाई भत्ता' तथा 'मकान किराया भत्ता' शब्दों को समझाइए। 3

**12.** टैली का प्रयोग करते हुए बैंक–समाधान विवरण बनाने के चरणों का उल्लेख कीजिए। 5

## PART B
## (Option-II)
## (Computerised Accounting)

**10.** Explain the meaning of the term 'Normalisation' and 'Relational database'. 2

**11.** (a) Explain the terms 'Password Security' and 'Data Vault'. 3

**OR**

(b) Explain the terms 'Basic Pay', 'Dearness Allowance' and 'House Rent Allowance' as components of payroll. 3

**12.** State the steps to construct Bank-Reconciliation statement using Tally. 5